उत्तराखंड समीक्षाधिकारी/ सहायक समीक्षाधिकारी परीक्षा-2016

सीरीज - A **परीक्षा तिथि - 26/06/2016**

1. निम्न में से कौन शरीर में प्रतिरोधक क्षमता विकसित करता है?

(a) एंटीजन (b) एंटीबॉडी
(c) एंजाइम (किण्वक) (d) हॉर्मोन्स

उत्तर—(b)

प्रतिरक्षी या एंटीबॉडी शरीर में रोगाणुओं तथा विष पदार्थों को अपघटन (Lysis) द्वारा नष्ट करने वाले विशेष प्रकार के प्रोटीन्स होते हैं। ये शरीर में प्रतिरोधक क्षमता विकसित करते हैं।

2. निम्न में से किसके द्वारा स्वाइन फ्लू होता है?

(a) विषाणु (b) जीवाणु
(c) फफूंदी (d) फीताकृमि

उत्तर—(a)

स्वाइन फ्लू 'इंफ्लुएंजा' कुल के अंतर्गत शूकर इंफ्लुएंजा विषाणुओं द्वारा फैलाया जाने वाला एक संक्रमण है। इस वायरस को H_1 N_1 विषाणु कहा जाता है। मनुष्य में यह संक्रमण मुख्य रूप से सुअरों से प्रत्यक्ष संबंध रखने वाले मनुष्यों से फैलने की संभावना रहती है।

3. प्रोटीन का मुख्य तत्व है-

(a) हाइड्रोजन (b) नाइट्रोजन
(c) ऑक्सीजन (d) कार्बन

उत्तर—(d)

प्रोटीन के रासायनिक संयोजन में मुख्यतः कार्बन (50%), हाइड्रोजन (7%) , ऑक्सीजन (23%), नाइट्रोजन (16%) तथा सल्फर (0-3%) होते हैं। चूंकि प्रोटीन के संघटन में कार्बन की मात्रा सर्वाधिक है। अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (b) माना है।

4. ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम संरक्षण के किस सिद्धांत से संबंधित है?

(a) आवेश (b) संवेग
(c) ऊर्जा (d) पदार्थ

उत्तर—(c)

ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम ऊर्जा संरक्षण के नियम (Law of Conservation of Energy) का ही एक रूप है। इसके अनुसार, यदि हम किसी निकाय को Q ऊष्मा दें, तो उसका कुछ भाग निकाय की आंतरिक ऊर्जा में वृद्धि (Δ U) करने में तथा शेष भाग निकाय द्वारा कार्य (W) करने में व्यय होगा।

$$Q = \Delta U + W$$

5. पर्यावरणीय समस्याओं के कारण किस कीटनाशक का प्रयोग कम किया जाने लगा है?

(a) गैमेक्सीन (b) डी.डी.टी.
(c) बी.एच.सी. (d) डी.एम.टी.

उत्तर—(b)

डी.डी.टी. (डाइक्लोरो डाइफेनिल ट्राइक्लोरो ईथेन) एक पेस्टीसाइड (Pesticide) है जो कि आसानी से अपघटित नहीं होता है अर्थात यह अजैव-निम्नीकरणीय (Non-biodegradable) है। यह वातावरण में (मृदा में) एकत्रित होता रहता है तथा वहां से जीवों में पहुंचने पर मुख्य रूप से जंतुओं के वसीय ऊतकों में एकत्र हो जाता है। यह यकृत में एकत्र होकर यकृत की मृतता (Necrosis of Liver) उत्पन्न करता है। डी.डी.टी. के हानिकारक प्रभाव के कारण अनेक देशों में इसे प्रतिबंधित कर दिया गया है।

6. निम्न में से किसके द्वारा पेट्रोल जनित आग को बुझाया जा सकता है?

(a) रेत (b) पानी
(c) कार्बन डाइऑक्साइड (d) लकड़ी का बुरादा

उत्तर—(a & c)

पेट्रोल जनित आग बुझाने में रेत (Sand) तथा कार्बन डाइऑक्साइड दोनों का प्रयोग किया जा सकता है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (c) केवल कार्बन डाईऑक्साइड माना है।

7. फल पकाने का हॉर्मोन है-

(a) इथाइलिन (b) ऑक्सिन
(c) काइनेटिन (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर—(a)

इथाइलिन (Ethylene) एक गैसीय पादप हॉर्मोन है। यह तने के

अग्र भाग में बनता है और विसरित होकर फलों को पकाने में सहायता करता है।

8. सूरजमुखी पौधे के बीजों में होता है-

(a) क्षारोद (अल्केलाइड्स) (b) तेल
(c) डाइज (d) क्रिस्टल्स (रवे)

उत्तर—(b)

सूरजमुखी एक तैलीय बीज फसल (Oilseed Crop) है। सूरजमुखी का वैज्ञानिक नाम हेलिएंथस ऐनस (Helianthus annus) है। यह कम्पोजिटी (ऐस्टरेसी) कुल का पौधा है। इनके बीजों में से खाद्य वसीय तेल प्राप्त होता है।

9. 'पारसेक' मात्रक है-

(a) दूरी का (b) समय का
(c) ऊर्जा का (d) तापक्रम का

उत्तर—(a)

पारसेक (Parsec) दूरी का मात्रक है। 1 पारसेक का मान 3.26 प्रकाशवर्ष के बराबर होता है।

10. चार्ल्स बैबेज द्वारा डिजाइन किया गया प्रथम यांत्रिक कंप्यूटर कहलाता था-

(a) एबेकस (b) एनालिटिकल इंजन
(c) कैलकुलेटर (d) प्रोसेसर

उत्तर—(b)

चार्ल्स बैबेज द्वारा डिजाइन किया गया प्रथम यांत्रिक कंप्यूटर एनालिटिकल इंजन था, जो उनके द्वारा 1837 ई. में प्रस्तुत किया गया।

11. निम्न से कौन-सा नॉन-वोलाटाइल स्मृति का उदाहरण है?

(a) कैच मेमोरी (b) रैम (RAM)
(c) रोम (ROM) (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर—(c)

रोम (ROM) को विस्तार में 'रीड ओनली मेमोरी' कहा जाता है। यह मेमोरी स्थायी अर्थात नॉन-वोलाटाइल है, जो विद्युत आपूर्ति समाप्त होने पर भी लुप्त नहीं होती है।

12. डिजिटल सिग्नल को एनालॉग सिग्नल में परिवर्तित करने की युक्ति है?

(a) मॉडेम (b) पैकेट
(c) की बोर्ड (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर—(a)

मॉडेम, मॉडुलेटर- डिमॉडुलेटर (Modulator-demodulator) का संक्षिप्त रूप है। यह एक ऐसी युक्ति है जो किसी आंकिक सूचना (Digital Signals) को मॉडुलेट करके एनालॉग प्रारूप में भेजती है और जो एनालॉग प्रारूप में इसे संकेत मिलता है, उसे डिमॉडुलेट करके डिजिटल रूप में ग्रहण करती है।

13. निम्न में से कौन-सा अतिशक्तिशाली प्रकार का कंप्यूटर है?

(a) सुपर-माइक्रो (b) सुपर कंप्यूटर
(c) माइक्रो कंप्यूटर (d) मिनी कंप्यूटर

उत्तर—(b)

सुपर कंप्यूटर बहुत अधिक शक्तिशाली होता है। यह अत्यंत जटिल संक्रियाओं को भी बहुत अधिक शीघ्र गति से करता है। इनकी संग्रहण क्षमता भी अधिक होती है। सुपर कंप्यूटर सबसे तेज कार्य करने वाला और सबसे महंगा कंप्यूटर है।

14. डेटाबेस को मैनेज करने के लिए इनमें से किसका प्रयोग किया जाता है?

(a) ऑपरेटिंग सिस्टम (b) कंपाइलर
(c) डी.बी.एम.एस. (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर—(c)

डेटाबेस को मैनेज करने के लिए डी.बी.एम.एस. (Database management System) का प्रयोग किया जाता है। डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम ऐसे प्रोग्राम्स का संग्रह है, जो यूजर को डाटाबेस की रचना करने एवं उसका रख-रखाव करने की क्षमता प्रदान करते हैं।

15. 'पेंटियम' शब्द संबंधित है-

(a) डीवीडी (b) हार्ड डिस्क
(c) माइक्रोप्रोसेसर (d) माउस

उत्तर—(c)

पेंटियम (Pentium) शब्द माइक्रोप्रोसेसर से संबंधित है। पेंटियम इंटेल कंपनी द्वारा निर्मित माइक्रोप्रोसेसर हैं।

16. किस तरह का प्रक्रम छोटी फाइल बनाता है, जिसका इंटरनेट पर स्थानांतरण तीव्र होता है?

(a) कम्प्रैशन (b) फ्रैग्मेंटेशन
(c) इनकैप्सुलेशन (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर—(a)

कम्प्रैशन (Compression) प्रक्रिया छोटी फाइल बनाता है, जिसका इंटरनेट पर स्थानांतरण तीव्र होता है।

17. 'ए एल यू' का तात्पर्य है-

(a) एरिथमेटिक लांग यूनिट
(b) ऑल लांगर यूनिट्स
(c) एराउंड लॉजिकल यूनिट्स

(d) एरिथमेटिक एंड लॉजिकल यूनिट

उत्तर—(d)

'ए एल यू' का तात्पर्य 'एरिथमेटिक एंड लॉजिकल यूनिट' या सामान्यतः 'एरिथमेटिक लॉजिक यूनिट' है। कंप्यूटर में गणनाएं करने के लिए यह अवयव मुख्यतः उत्तरदायी होता है, साथ ही यह लॉजिकल कंपैरिजन (तुलना) और डिसीजन (निर्णय) का कार्य करता है।

18. निम्न में से कौन इनपुट डिवाइस नहीं है?

(a) माउस (b) लाइट पेन
(c) की बोर्ड (d) वीडीयू

उत्तर—(d)

वीडीयू (Visual Display Unit) एक आउटपुट डिवाइस होता है। इनपुट युक्तियों द्वारा प्राप्त डाटा तथा निर्देशों को परिणाम के रूप में प्रदर्शित करने के लिए जिन युक्तियों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें आउटपुट अथवा निर्गम युक्तियां कहते हैं।

19. कंप्यूटर की किस पीढ़ी में ट्रांजिस्टरों का प्रयोग हुआ था?

(a) पहली (b) दूसरी
(c) तीसरी (d) चौथी

उत्तर—(b)

निर्वात ट्यूबों का प्रयोग पहली पीढ़ी के कंप्यूटरों में (1940-1954), ट्रांजिस्टरों का प्रयोग द्वितीय पीढ़ी के कंप्यूटरों में (1955-1964), आई-सी चिपों का प्रयोग तृतीय पीढ़ी के कंप्यूटरों (1965-1971) तथा माइक्रोप्रोसेसर का प्रयोग चौथी पीढ़ी के कंप्यूटरों (1971-वर्तमान) में किया गया।

20. निम्नलिखित नदियों में से कौन-सी नदी भूमध्य रेखा को दो बार पार करती है?

(a) जैरे (b) अमेजन
(c) नील (d) नाइजर

उत्तर—(a)

जायरे या जैरे (Zaire) नदी, जिसे कांगो नदी के नाम से भी जाना जाता है। अफ्रीका की एक प्रमुख नदी है। यह नदी नील नदी के पश्चात अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी नदी है। यह भूमध्य रेखा/विषुवत रेखा को दो बार पार करती है।

21. निम्नलिखित युग्मों (देश-राजधानी) में कौन सुमेलित नहीं है?

(a) ब्राजील-ब्राजीलिया (b) ट्यूनिशिया-ट्यूनिस
(c) अल्जीरिया-अल्जीयर्स (d) मोरक्को-मराकेश

उत्तर—(d)

सही सुमेल इस प्रकार है-

देश	**राजधानी**
ब्राजील	ब्राजीलिया
ट्यूनिशिया	ट्यूनिस
अल्जीरिया	अल्जीयर्स
मोरक्को	रबात

22. म्यांमार की सीमा के सहारे भारत के राज्यों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम क्या है?

(a) अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम
(b) अरुणाचल प्रदेश, असम, नगालैंड, मणिपुर
(c) असम, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम
(d) अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, नगालैंड, मिजोरम

उत्तर—(a)

भारत के मानचित्र के अनुसार, म्यांमार की सीमा के सहारे भारत के राज्यों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम है- अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम।

23. निम्नलिखित देशों में से किसे 'हजार झीलों का देश' कहा जाता है?

(a) स्वीडन (b) कनाडा
(c) पोलैंड (d) फिनलैंड

उत्तर—(d)

फिनलैंड को हजार झीलों का देश कहा जाता है। यहां 1 लाख से अधिक झीलें पाई जाती हैं।

24. निम्नलिखित देशों में से कौन पशुचारण के लिए विश्व प्रसिद्ध है?

(a) ब्राजील (b) कोलंबिया
(c) अर्जेंटीना (d) वेनेजुएला

उत्तर—(c)

अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिकी देश है। यहां पर पम्पास घास बहुतायत में पाई जाती है, जो पशुचारण के लिए मुफीद होती है। इसलिए इस देश में पशुचारण की अनुकूलतम दशाएं पाई जाती हैं।

25. निम्नलिखित देशों में से किसके साथ भारत की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है?

(a) चीन (b) पाकिस्तान
(c) बांग्लादेश (d) नेपाल

उत्तर—(c)

भारत की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश (4096.7 किमी.) तथा छोटी स्थलीय सीमा अफगानिस्तान (106 किमी.) के साथ लगती है। भारत की स्थलीय सीमा उत्तर में चीन (3488

किमी.) व नेपाल (1751 किमी.), उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान, पश्चिम में पाकिस्तान (3323 किमी.), पूर्व में बांग्लादेश एवं म्यांमार (1643 किमी.) तथा उत्तर-पूर्व में भूटान (699 किमी.) से मिलती है।

26. 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित राज्यों में से किसकी साक्षरता दर सर्वाधिक थी?

(a) मिजोरम (b) गोवा
(c) हिमाचल प्रदेश (d) त्रिपुरा

उत्तर–(a)

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, उपर्युक्त राज्यों में सर्वाधिक साक्षरता दर मिजोरम राज्य की है। शीर्ष साक्षरता दर वाले 5 राज्य इस प्रकार हैं-
केरल 94%, लक्षद्वीप 91.85%, मिजोरम 91.33%, गोवा 88.70% तथा त्रिपुरा 87.22%

27. निम्नलिखित पर्वत-शिखरों में से कौन उत्तराखंड में स्थित नहीं है?

(a) कामेट (b) बंदरपूंछ
(c) दूनागिरि (d) नंगा पर्वत

उत्तर–(d)

कामेट, बंदरपूंछ और दूनागिरि पर्वत-शिखर उत्तराखंड राज्य में स्थित हैं। नंगा पर्वत (8126 मी.) जिसका दूसरा नाम दियामीर भी है, पाकिस्तान नियंत्रित क्षेत्र कश्मीर में स्थित है। यह विश्व के उच्चतम पर्वत-शिखरों में से एक है।

28. संयुक्त राष्ट्र के 2015 के आकलन के अनुसार, 2030 में विश्व की जनसंख्या कितनी हो जाएगी?

(a) 8.2 अरब (b) 8.5 अरब
(c) 8.8 अरब (d) 9.1 अरब

उत्तर–(b)

संयुक्त राष्ट्र के वर्ष 2015 के आकलन के अनुसार, वर्ष 2030 तक विश्व की जनसंख्या 8.5 अरब हो जाएगी। इसी आकलन में वर्ष 2050 तक जनसंख्या 9.7 अरब व वर्ष 2100 तक 11.2 अरब होने का अनुमान है।

29. भारत के निम्नलिखित तटों में से किस पर औसत समुद्रतल मापा जाता है?

(a) मुंबई (b) चेन्नई
(c) कोचीन (कोच्चि) (d) विशाखापत्तनम

उत्तर–(b)

भारत का औसत समुद्रतल चेन्नई तट से मापा जाता है।

30. निम्नलिखित कथनों में से कौन गलत है?

(a) गोदावरी दक्षिण भारत की सबसे बड़ी नदी है।
(b) कोसी नदी को बिहार का शोक कहा जाता है।
(c) ब्रह्मपुत्र एक पूर्ववर्ती नदी है।
(d) गंगा नदी गंगोत्री से निकलती है।

उत्तर–(*)

गोदावरी दक्षिण भारत की सबसे बड़ी नदी है। इस नदी की लंबाई 1465 किमी. है। यह आंध्र प्रदेश, तेलगांना और महाराष्ट्र में बहते हुए राजमुंद्री शहर के समीप बंगाल की खाड़ी में गिरती है। कोसी नदी द्वारा बिहार में बाढ़ से प्रतिवर्ष भारी तबाही होती है। इसलिए कोसी को 'बिहार का शोक' कहा जाता है। गंगा नदी का उद्‌गम स्थल गंगोत्री है। इसकी लंबाई 2525 किमी. है। ब्रह्मपुत्र नदी का उद्‌गम तिब्बत के दक्षिण में मानसरोवर के निकट चेमायुंग दुंग नामक हिमवाह से हुआ है। मांजुली द्वीप ब्रह्मपुत्र नदी के मध्य असम में स्थित है। बह्मपुत्र नदी एक पूर्ववर्ती नदी है, जो बंगाल की खाड़ी में गिरती है। अतः उपरोक्त प्रश्न में चारों विकल्प सही हैं। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) माना है।

31. निम्नलिखित युग्मों (राज्य-निर्माण की तिथि) में कौन सुमेलित है?

(a) हरियाणा – 01 नवंबर, 1966
(b) मिजोरम –25 जून, 1986
(c) तेलंगाना – 15 अगस्त, 2014
(d) छत्तीसगढ़ – 20 नवंबर, 2000

उत्तर–(a)

हरियाणा राज्य निर्माण की तिथि सही सुमेलित है। हरियाणा राज्य की स्थापना 1 नवंबर, 1966 को हुई थी। जबकि मिजोरम की स्थापना 20 फरवरी, 1987, छत्तीसगढ़ की स्थापना 1 नवंबर, 2000 तथा तेलंगाना की स्थापना 2 जून, 2014 को हुई थी।

32. निम्नलिखित राज्यों में कौन भारत में दालों का सर्वाधिक उत्पादक है?

(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) राजस्थान

उत्तर–(a)

2013-14 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में दालों का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य मध्य प्रदेश है। इस संदर्भ में महाराष्ट्र एवं राजस्थान का स्थान क्रमशः दूसरा व तीसरा है। चौथा स्थान उत्तर प्रदेश का है।

33. निम्नलिखित देशों में से किसके पास विश्व का सर्वाधिक

बॉक्साइट का संचित भंडार है?

(a) भारत (b) रूस

(c) सूरीनाम (d) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर—(d)

भारतीय खान ब्यूरो द्वारा प्रकाशित इंडियन मिनरल ईयर बुक 2015 के अनुसार, विश्व का सर्वाधिक बॉक्साइट का संचित भंडार गिनी (26%) के पास है। संचित भंडार की दृष्टि से ऑस्ट्रेलिया (22 %) और ब्राजील (9 %) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वियतनाम (8 %) चौथे तथा जमैका (7 %) पांचवें स्थान पर है। संचित भंडार की दृष्टि से भारत का विश्व में आठवां स्थान है। चूंकि विकल्प में गिनी नहीं है, अतः उत्तर (d) सही है।

34. निम्नलिखित राज्यों में से किसका वन क्षेत्र भारत में सर्वाधिक है?

(a) छत्तीसगढ़ (b) महाराष्ट्र

(c) मध्य प्रदेश (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर—(c)

राज्य	वन क्षेत्र
मध्य प्रदेश	77,462 वर्ग किमी.
छत्तीसगढ़	55,586 वर्ग किमी.
महाराष्ट्र	50,628 वर्ग किमी.
आंध्र प्रदेश	24,424 वर्ग किमी.

उपरोक्त सूची से स्पष्ट है कि मध्य प्रदेश का वन क्षेत्र भारत में सर्वाधिक है।

35. निम्नलिखित में से किस वर्ष भारत में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति (NPP) की घोषणा की गई?

(a) 1999 (b) 2000

(c) 2001 (d) 2002

उत्तर—(b)

भारत में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति की घोषणा वर्ष 2000 में की गई। इसके तहत सरकार ने 10 वर्ष के लिए नीतियों की रूपरेखा तय की जिसमें मातृ स्वास्थ्य, गर्भनिरोध, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य जैसे विषय शामिल थे।

36. 'विश्व जनसंख्या दिवस' मनाया जाता है-

(a) 11 अप्रैल (b) 11 मई

(c) 11 जुलाई (d) 12 अगस्त

उत्तर—(c)

विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को मनाया जाता है। वर्ष 2016 के विश्व जनसंख्या दिवस की थीम 'किशोर लड़कियों में निवेश' था।

37. 'पलायन को गतिशीलता संक्रमण मॉडल' किसने प्रतिपादित किया था?

(a) ली (b) क्लार्क

(c) रैवेंसटीन (d) जेलिंसकी

उत्तर—(d)

पलायन का गतिशीलता संक्रमण मॉडल जेलिंसकी ने प्रतिपादित किया था। इनके अनुसार, प्रवास के मॉडल एवं जनसांख्यिकीय मॉडल के बीच समानता पाई जाती है।

38. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सुमेलित नहीं है?

(a) थारू - उत्तर प्रदेश (b) गद्दी - हिमाचल प्रदेश

(c) कोंयक - केरल (d) टोडा - तमिलनाडु

उत्तर—(c)

सही सुमेलन इस प्रकार है-

जनजाति	राज्य
थारू	उत्तर प्रदेश
गद्दी	हिमाचल प्रदेश
कोंयक	नगालैंड
टोडा	तमिलनाडु

39. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत के निम्नलिखित राज्यों में किसमें सर्वाधिक लिंगानुपात (यौन-अनुपात) था?

(a) कर्नाटक (b) केरल

(c) उत्तर प्रदेश (d) पश्चिम बंगाल

उत्तर—(b)

2011 की जनगणना के अनुसार, सर्वाधिक लिंगानुपात वाला राज्य केरल है। कर्नाटक 11वें, पश्चिम बंगाल 16वें और उत्तर प्रदेश 26वें स्थान पर है।

40. निम्नलिखित में से किसे नगर का हृदय कहा जाता है?

(a) केंद्रीय व्यापारिक क्षेत्र (जिला)

(b) बेहतर आवास क्षेत्र

(c) बेहतर सामाजिक सुविधाओं वाला क्षेत्र

(d) नित्यप्रति आवाजाही यात्री क्षेत्र

उत्तर—(a)

केंद्रीय व्यापारिक क्षेत्र (जिला) को नगर का हृदय कहा जाता है। इस क्षेत्र में व्यापार से संबंधित सारी अवस्थापना सुविधाएं मौजूद रहती हैं, जहां पर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय व्यापार हेतु सारी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं।

41. भारतीय नगरों का कार्यात्मक वर्गीकरण किसने किया था?

(a) आर.एल. सिंह (b) जी.एस. गोसल

(c) अशोक मित्रा (d) ए.बी. मुखर्जी

उत्तर—(c)

भारतीय नगरों का कार्यात्मक वर्गीकरण अशोक मित्रा ने किया था। इन्होंने (1971,73) श्रमिकों के सात वर्गों का प्रयोग चरों के रूप में किया, जिन्हें तीन मुख्य कार्यात्मक प्रकार में वर्गीकृत किया गया- उत्पादन, व्यापार, परिवहन एवं सेवाएं।

42. बाल कल्याण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार संस्थापित किया गया था-

(a) 1996 ई. में (b) 1979 ई. में

(c) 2008 ई. में (d) 2014 ई. में

उत्तर—(b)

बाल कल्याण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना भारत सरकार द्वारा वर्ष 1979 में की गई थी। यह पुरस्कार बाल कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले 5 संस्थानों और 3 व्यक्तियों को दिया जाता है। प्रत्येक संस्थान को 3 लाख रुपये नकद और एक प्रशस्ति-पत्र तथा प्रत्येक व्यक्ति को 1 लाख रुपये नकद और प्रमाण-पत्र दिए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1979 को अंतरराष्ट्रीय बाल वर्ष (International Year of Child) घोषित किया था।

43. 'परितंत्र' (इकोसिस्टम) शब्द का प्रथम प्रयोग 1935 में किसके द्वारा किया गया था?

(a) टेलर (b) क्लार्क

(c) ट्रांस्ले (d) लिंडेमन

उत्तर—(c)

वर्ष 1935 में ए.जी. टांस्ले द्वारा सर्वप्रथम परितंत्र या पारिस्थितिकी तंत्र (Ecosystem) की संकल्पना प्रस्तावित की गई थी। इनके अनुसार, पारिस्थितिकी तंत्र भौतिक तंत्रों का एक विशेष प्रकार होता है, जिसकी रचना अजैविक एवं जैविक घटकों से होती है। टांस्ले के अनुसार, पारिस्थितिकी तंत्र खुला तंत्र (विवृत तंत्र) होता है, जो आकार में भिन्न-भिन्न होते हैं।

44. किस राज्य ने सर्वप्रथम 'पर्यावरणीय शिक्षा' को एक विषय के रूप में विद्यालयी पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया?

(a) उत्तराखंड (b) महाराष्ट्र

(c) केरल (d) राजस्थान

उत्तर—(b)

विकल्प में दिए गए राज्यों में महाराष्ट्र राज्य ने सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशानुसार सर्वप्रथम 'पर्यावरणीय शिक्षा' को एक विषय के रूप में विद्यालयी पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया।

45. ओजोन ह्रास का प्रमुख कारण है-

(a) कार्बन मोनोऑक्साइड (b) कार्बन डाइऑक्साइड

(c) हाइड्रो कार्बन (d) क्लोरोफ्लुरो कार्बन

उत्तर—(d)

क्लोरोफ्लुरो कार्बन मानव निर्मित रसायनों का समूह है, जो रंगहीन एवं गंधहीन है तथा सरलता से द्रव में परिवर्तित हो जाता है। यह ओजोन परत ह्रास के लिए मुख्य उत्तरदायी गैस है। यह अत्यधिक स्थायी यौगिक है जो वायुमंडल में 80 से 100 वर्षों तक बना रह सकता है। 1960 के दशक से रेफ्रिजरेटरों, एयरकंडीशनरों, स्प्रे केस, विलायकों, फोम के निर्माण, दाबीकृत प्रसाधनों, उद्योगों में सूक्ष्म मार्जन कार्यों एवं अन्य अनुप्रयोगों से इसके उपयोग में वृद्धि हुई।

46. निम्नलिखित शहरों में से कौन राजस्थान में भूमि-क्षरण के लिए उत्तरदायी है?

(a) गंगा नहर (b) सरहिंद नहर

(c) इंदिरा गांधी नहर (d) आगरा नहर

उत्तर—(c)

इंदिरा गांधी नहर राजस्थान में भूमि-क्षरण के लिए उत्तरदायी है। यह नहर हरिके बैराज से निकलती है।

47. 'जैव-विविधता' है-

(a) संपूर्ण प्रजातियों, संपूर्ण जीन व संपूर्ण परितंत्रों का योग

(b) पादपों की विविधता

(c) जंतुओं की विविधता

(d) सांस्कृतिक पर्यावरण का योग

उत्तर—(a)

पृथ्वी पर विद्यमान संपूर्ण प्रजातियों, संपूर्ण जीन व संपूर्ण परितंत्रों के योग को ही जैव-विविधता के रूप में परिभाषित किया गया है।

48. निम्न में से अम्ल-वर्षा के लिए कौन उत्तरदायी है?

(a) नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा कार्बन डाइऑक्साइड

(b) नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा कार्बन मोनोऑक्साइड

(c) सल्फर डाइऑक्साइड तथा नाइट्रोजन ऑक्साइड

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

उत्तर—(c)

उद्योगों एवं यातायात के उपकरणों आदि विभिन्न स्रोतों से उत्सर्जित नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O) तथा सल्फर डाइऑक्साइड (SO_2) गैसें वायुमंडल में स्थित जलवाष्प से क्रिया करके सल्फ्यूरिक तथा नाइट्रिक अम्ल बनाती हैं। ओस अथवा वर्षा की बूंदों के रूप में पृथ्वी पर गिरने लगती हैं। यही 'अम्ल-वर्षा' कहलाती है, जो

पृथ्वी के समस्त प्राणी समुदायों के लिए काफी घातक सिद्ध होती है। ये स्कैंडिनेवियाई तथा खाड़ी देशों में अक्सर देखने को मिलती है। अम्लीय वर्षा के जल का pH मान सामान्यतः 4.2 से 4.4 के बीच होता है।

49. दिए गए कूट से निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

पादप	जलवायु प्रदेश
A. मेगाथर्म	1. टुण्ड्रा प्रदेश
B. मेसोथर्म	2. भूमध्यरेखीय प्रदेश
C. माइक्रोथर्म	3. उष्णकटिबंधीय प्रदेश
D. हेकिस्थर्म	4. शीतोष्ण कटिबंधीय प्रदेश

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	1	3	2	4
(c)	3	4	2	1
(d)	2	3	4	1

उत्तर–(*)

सही सुमेल इस प्रकार है-

पादप	जलवायु प्रदेश
मेगाथर्म	उष्णकटिबंधीय प्रदेश
मेसोथर्म	शीतोष्ण कटिबंधीय प्रदेश
माइक्रोथर्म	भूमध्यरेखीय प्रदेश
हेकिस्थर्म	टुण्ड्रा प्रदेश

इस प्रश्न का उत्तर उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने विकल्प (d) माना है जो कि गलत है।

50. उद्यमशीलता के प्रोत्साहन हेतु केंद्र सरकार की स्टैंड अप इंडिया योजना निम्न में से किससे संबंधित है?

(a) महिलाएं एवं अल्पसंख्यक
(b) अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिलाएं
(c) अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अल्पसंख्यक
(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(b)

उद्यमशीलता के प्रोत्साहन हेतु केंद्र सरकार की स्टैंड अप इंडिया योजना अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिलाओं से संबंधित है। इस योजना की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2015 को लाल किले से की थी और इसका शुभारंभ 5 अप्रैल, 2016 को बाबू जगजीवन राम की जन्मशती के अवसर पर उत्तर प्रदेश के नोएडा में किया गया। इस योजना के तहत देश के सभी बैंक शाखाओं से अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम दो परियोजनाओं को सुगम बनाना है।

51. भारत की प्रथम बुलेट ट्रेन (2024 तक) निम्न में से किस मार्ग पर दौड़ेगी?

(a) नई दिल्ली- अहमदाबाद मार्ग (b) नई दिल्ली- मुंबई मार्ग
(c) अहमदाबाद - मुंबई मार्ग (d) पुणे- अहमदाबाद मार्ग

उत्तर–(c)

भारत की प्रथम बुलेट ट्रेन (2024 तक) अहमदाबाद-मुंबई मार्ग पर दौड़ेगी। बुलेट ट्रेन परियोजना भारत में जापान के सहयोग से बनने वाली परियोजना है। इस परियोजना के वर्ष 2023 के अंत तक पूरी होने की संभावना है। इस परियोजना के तहत मुंबई से अहमदाबाद के बीच कुल 508 किमी. की रेलवे लाइन का निर्माण किया जाना है। बुलेट ट्रेन की अधिकतम गति 350 किमी./ घंटा और वास्तविक गति 320 किमी./घंटा होगी और यह 2 घंटे, 58 मिनट में यात्रा पूरी करेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 97,636 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त रेल मंत्रालय ने इस परियोजना के क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लि. (NHSRCL) नामक एक विशेष प्रयोजन माध्यम संस्था (SPV) का गठन किया है।

52. निम्न राज्यों में से किस भारतीय राज्य को जैविक खेती करने वाला प्रथम राज्य घोषित किया गया है?

(a) त्रिपुरा (b) सिक्किम
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) नगालैंड

उत्तर–(b)

सिक्किम को देश का पहला जैविक खेती करने वाला राज्य घोषित किया गया है। यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 जनवरी, 2016 को गंगटोक में सिक्किम जैविक उत्सव, 2016 के उद्घाटन तथा टिकाऊ खेती और किसान कल्याण पर आयोजित सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए की थी। सिक्किम के मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग ने वर्ष 2003-04 में घोषणा कर सिक्किम को जैविक कृषि राज्य बनाने का फैसला किया था। इसके लिए सिक्किम के कृषि विभाग तथा स्विट्जरलैंड के फिबल (FIBL) जैविक अनुसंधान संस्थान के बीच तकनीक साझा करने का समझौता हुआ था।

53. फरवरी, 2016 में किसने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज शतक बनाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया?

(a) स्टीव स्मिथ (b) क्रिस गेल
(c) ब्रेंडन मैक्कुलम (d) विराट कोहली

उत्तर–(c)

फरवरी, 2016 में न्यूजीलैंड के कप्तान और बल्लेबाज ब्रेंडन मैक्कुलम ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज शतक बनाने

का विश्व रिकॉर्ड बनाया। मैक्कुलम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मात्र 54 गेंदों पर शतक लगाकर यह कीर्तिमान स्थापित किया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले विवियन रिचर्ड्स (वेस्टइंडीज) 56 गेंद, मिसबाह-उल-हक (पाकिस्तान) 56 गेंद, के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड दर्ज था। मैक्कुलम का यह आखिरी टेस्ट (101वां) मैच था, जिसमें उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्कों (107 छक्के) का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बैट्समैन एडम गिलक्रिस्ट (100 छक्के, 96 टेस्ट) के नाम था।

54. बहु अरब डॉलर परियोजना तापी, जो दिसंबर, 2015 में प्रारंभ हुई, संबंधित है-

(a) प्राकृतिक गैस से (b) सौर ऊर्जा से
(c) सड़क निर्माण से (d) रेलवे लाइन से

उत्तर—(a)

दिसंबर, 2015 में प्रारंभ तापी परियोजना तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत की महत्वाकांक्षी गैस पाइपलाइन परियोजना है। इस परियोजना के तहत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन द्वारा तुर्कमेनिस्तान के गलकीनाइस क्षेत्र से कंधार (अफगानिस्तान), मुल्तान (पाकिस्तान) होते हुए फाजिल्का (पंजाब, भारत) पहुंचेगी। 1800 किमी. लंबी तापी परियोजना की अनुमानित लागत 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर, जिसकी दिसंबर, 2019 तक चालू होने की संभावना है।

55. वर्ष 2016-17 को सार्क देशों द्वारा मनाया जाएगा-

(a) लोकतंत्र एवं विकास का वर्ष
(b) आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई का वर्ष
(c) सांस्कृतिक विरासत का वर्ष
(d) 'पृथ्वी बचाओ' वर्ष

उत्तर—(c)

वर्ष 2016-17 को सार्क देशों द्वारा 'सांस्कृतिक विरासत का वर्ष' के रूप में मनाया जाएगा। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) एक आर्थिक एवं राजनीतिक संगठन है। इसकी स्थापना 8 दिसंबर, 1985 को सात देशों- बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका द्वारा की गई थी। वर्ष 2007 के चौदहवें सार्क सम्मेलन में अफगानिस्तान इसका आठवां एवं अंतिम सदस्य देश बना। सार्क का सचिवालय काठमांडू (नेपाल) में स्थित है।

56. आंग सान सू की म्यांमार की राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण नहीं कर पाई, क्योंकि-

(a) उनका आपराधिक रिकॉर्ड है।
(b) उनकी पार्टी चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं प्राप्त कर सकी।
(c) सेना ने स्वयं अपना राष्ट्रपति स्थापित कर लिया।
(d) उनके पुत्र ब्रिटिश नागरिक हैं।

उत्तर—(d)

वर्ष 1991 में शांति के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित आंग सान सू की म्यांमार की राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण नहीं कर पाईं, क्योंकि म्यांमार के संविधान में यह उपबंध है कि कोई व्यक्ति जिसके परिवार के किसी सदस्य को विदेशी नागरिकता प्राप्त है, वह राष्ट्रपति नहीं बन सकता। उल्लेखनीय है कि आंग सान सू की के दो पुत्र ब्रिटिश नागरिक हैं। नवंबर, 2015 के चुनावों में सू की की पार्टी को भारी बहुमत से जीत हासिल हुई थी। उनके सहयोगी और मित्र हतिन क्याव ने म्यांमार के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

57. फरवरी, 2016 में किस वायरस के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य 'आपात स्थिति' की घोषणा की थी?

(a) जीका (b) इबोला
(c) स्वाइन फ्लू (d) चिकनगुनिया

उत्तर—(a)

फरवरी, 2016 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने जीका वायरस को अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित किया था। जीका वायरस दिन में काटने वाले मच्छर एडीज एजिप्टि के जरिए फैलता है। इसका संबंध माइक्रोसिफाली से है। माइक्रोसिफाली ऐसी स्थिति है, जिसमें नवजात शिशु के सिर का आकार असामान्य रूप से छोटा होता है और कई बार उनके मस्तिष्क भी क्षतिग्रस्त होते हैं।

58. कौन-से दो यूरोपीय शहर क्रमशः नवंबर, 2015 तथा मार्च, 2016 में आई.एस. के आतंकी हमलों के शिकार हुए?

(a) लंदन और ब्रुसेल्स (b) पेरिस और ब्रुसेल्स
(c) फ्रैंकफर्ट और ब्रुसेल्स (d) कोपेनहेगन और ब्रुसेल्स

उत्तर—(b)

पेरिस और ब्रुसेल्स दो यूरोपीय शहर हैं जो क्रमशः नवंबर, 2015 तथा मार्च, 2016 में आई.एस. के आतंकी हमलों के शिकार हुए। 13 नवंबर, 2015 को पेरिस (फ्रांस) में बंदूकधारियों और आत्मघाती बम हमलावरों ने राष्ट्रीय फुटबॉल स्टेडियम, कंसर्ट हाल रेस्तरां और बार सहित 6 स्थानों को निशाना बनाया था। इस हमले में 130 लोग मारे गए थे और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। मार्च, 2016 में ब्रुसेल्स (बेल्यिजम) में एक के बाद एक

तीन धमाके हुए। दो धमाके एयरपोर्ट पर और एक मेट्रो स्टेशन पर हुआ। दोनों आतंकी हमलों की जिम्मेदारी आतंकी संगठन आई.एस. ने लिया है।

59. निम्न में से कौन-से शहर क्रमशः 2016 तथा 2020 के ओलंपिक खेलों के मेजबान हैं?

(a) रियो डि जनेरो और टोक्यो
(b) लंदन और रियो डि जनेरो
(c) टोक्यो और रियो डि जनेरो
(d) लंदन और टोक्यो

उत्तर—(a)

रियो डि जनेरो और टोक्यो शहर क्रमशः वर्ष 2016 तथा 2020 के ओलंपिक खेलों के मेजबान देश हैं। वर्ष 2016 के ओलंपिक खेलों का आयोजन 5 - 21 अगस्त के बीच दक्षिण अमेरिकी देश ब्राजील के रियो डि जेनेरो में किया गया। इसमें विश्व के 207 देशों के 11,237 खिलाड़ियों ने 306 प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। वर्ष 2020 के ओलंपिक खेलों का आयोजन जापान की राजधानी टोक्यो में किया जाएगा।

60. 2014-15 की अवधि में किस राज्य की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक थी?

(a) केरल (b) हरियाणा
(c) पंजाब (d) उत्तराखंड

उत्तर—(b)

उपर्युक्त राज्यों की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2014-15 में इस प्रकार थी-

राज्य		प्रति व्यक्ति आय (रुपये में)
हरियाणा	-	150260
उत्तराखंड	-	139184
केरल	-	138390
पंजाब	-	114561

इस प्रकार हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक थी।

61. भारत में 'नीति आयोग' का उपाध्यक्ष कौन है?

(a) रघुराम राजन (b) अरुण जेटली
(c) अरविंद पनगरिया (d) राहुल गांधी

उत्तर—(c)

नीति आयोग के वर्तमान उपाध्यक्ष अरविंद पनगरिया हैं। नीति आयोग की स्थापना मंत्रिमंडल के एक प्रस्ताव द्वारा 1 जनवरी, 2015 को की गई थी।

62. मानोदय काव्य की रचना की थी-

(a) भरत कवि (b) मौलाराम
(c) भूषण (d) गुमानी कवि

उत्तर—(a)

भरत कवि उत्तराखंड के एक प्रमुख कवि हैं, जिन्होंने 'मानोदय काव्य' की रचना की थी। 'मानोदय काव्य' एक ऐतिहासिक काव्य है। इस काव्य में गढ़वाल राजवंश का वर्णन अत्यंत ही कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है।

63. यू.एन.पी.डी. की ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट-2015 के अनुसार, मानव विकास सूचकांक में भारत का स्थान था-

(a) 128 (b) 134
(c) 130 (d) 132

उत्तर—(c)

यू.एन.डी.पी. की ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट-2015 के अनुसार, मानव विकास सूचकांक में भारत का स्थान 130वां था।

64. बंद अर्थव्यवस्था वह अर्थव्यवस्था है, जिसमें-

(a) केवल निर्यात होता है।
(b) बजट घाटा कम होता है।
(c) केवल आयात होता है।
(d) विदेशी व्यापार नहीं होता है।

उत्तर—(d)

बंद अर्थव्यवस्था से तात्पर्य ऐसी अर्थव्यवस्था से होता है जिसमें किसी प्रकार का विदेशी व्यापार (आयात/निर्यात) नहीं होता है।

65. राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान (NIRD) स्थित है-

(a) शिमला में (b) हैदराबाद में
(c) देहरादून में (d) नई दिल्ली में

उत्तर—(b)

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (NIRD & PR) राजेंद्रनगर, हैदराबाद में स्थित है।

66. 'वैट' लगता है-

(a) सीधे उपभोक्ता पर
(b) उत्पादन के पहले चरण पर
(c) उत्पादन एवं विक्रय के मध्य सभी चरणों पर
(d) उत्पादन के अंतिम चरण पर

उत्तर—(c)

वैट, उत्पादन एवं विक्रय के मध्य सभी चरणों पर लगाया जाता है। इसका अर्थ है - मूल्य वर्धित कर प्रणाली। इसमें उत्पादन व वितरण श्रृंखला के प्रत्येक स्तर पर कर लगाया जाता है।

67. 'सुपर-301' क्या है?

(a) आधुनिक कंप्यूटर (b) चावल की एक किस्म

(c) कीटनाशक (d) अमेरिकी व्यापार कानून

उत्तर—(d)

'सुपर -301' अमेरिकी व्यापार कानून, 1974 की एक धारा है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका को व्यापार समझौतों को लागू करने, व्यापार संबंधी विवादों को हल करने तथा अमेरिकी माल और सेवाओं के लिए विदेशी बाजारों को खोलने के लिए अधिकार प्रदान करता है।

68. भारत में श्वेत क्रांति का जनक किसको कहा जाता है?

(a) डॉ. नॉरमन बोरलॉग

(b) डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन

(c) डॉ. वर्गीस कुरियन

(d) डॉ. विलियम गांदे

उत्तर—(c)

भारत में श्वेत क्रांति का जनक डॉ. वर्गीस कुरियन को माना जाता है। श्वेत क्रांति दुग्ध उत्पादन से संबंधित है। हरित क्रांति का संबंध गेहूं उत्पादन, नीली क्रांति का संबंध मत्स्य उत्पादन तथा पीली क्रांति का संबंध तिलहन उत्पादन से है।

69. भारत में पंचायतों द्वारा निम्न में से कौन-सा कर संग्रहीत किया जाता है?

(a) बिक्री कर (b) सीमा शुल्क

(c) भू-राजस्व (d) स्थानीय मेलों पर कर

उत्तर—(d)

भारत में पंचायतों द्वारा स्थानीय मेला कर संग्रहीत किया जाता है। इसके अतिरिक्त चुंगी, मकान कर आदि भी पंचायतों द्वारा संग्रहीत किया जाता है।

70. महात्मा गांधी के निम्नलिखित आंदोलनों को प्रारंभ से सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए-

(a) चंपारण, अहमदाबाद, खेड़ा, असहयोग

(b) अहमदाबाद, चंपारण, खेड़ा, असहयोग

(c) खेड़ा, चंपारण, अहमदाबाद, असहयोग

(d) असहयोग, चंपारण, खेड़ा, अहमदाबाद

उत्तर—(a)

महात्मा गांधी के राजनीतिक जीवन के कुछ आंदोलनों का कालक्रम इस प्रकार है-

	घटना	वर्ष
1.	चंपारण	1917
2.	अहमदाबाद मिल हड़ताल	फरवरी-मार्च, 1918
3.	खेड़ा	22 मार्च, 1918
4.	असहयोग आंदोलन	1920-22

अतः विकल्प (a) चंपारण > अहमदाबाद > खेड़ा > असहयोग आंदोलन सही उत्तर है।

71. प्राचीन भारत में 'संगम' क्या था?

(a) तमिल कवियों का संघ या मंडल

(b) तमिल राजाओं के दरबारी कवि

(c) तमिल बस्ती

(d) महापाषाण कब्रें

उत्तर—(a)

संगम का तात्पर्य 'तमिल कवियों की गोष्ठी' से है। इन गोष्ठियों (संगमों) में कवियों द्वारा रचा गया साहित्य 'संगम साहित्य' कहलाता है। संगम युग में दक्षिण भारत में पांड्य राजाओं के संरक्षण में तीन संगम आयोजित किए गए थे-

प्रथम संगम	स्थान	मदुरई
	अध्यक्षता	अगस्त्य ऋषि
द्वितीय संगम	स्थान	कपाटपुरम (अलैवाई)
	अध्यक्षता	अगस्त्य ऋषि
तृतीय संगम	स्थान	मदुरई
	अध्यक्षता	नक्कीरर

72. खजुराहो मंदिर किसने बनवाए थे?

(a) विजयनगर राजाओं ने (b) बहमनी सुल्तानों ने

(c) चंदेल राजाओं ने (d) गुप्त राजाओं ने

उत्तर—(c)

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित खजुराहो में चंदेल राजाओं द्वारा निर्मित मंदिर आज भी चंदेल स्थापत्य की उत्कृष्टता का वर्णन कर रहे हैं। इन मंदिरों का निर्माण 950-1050 ई. के बीच कराया गया था। यहां के मंदिरों में कंदरिया महादेव मंदिर सर्वोत्तम है।

73. साबरमती आश्रम का वास्तविक नाम था-

(a) गांधी आश्रम (b) सत्याग्रह आश्रम

(c) फिनिक्स फार्म (d) दांडी (डांडी) आश्रम

उत्तर—(b)

महात्मा गांधी ने वर्ष 1915 में अहमदाबाद के कोचरब क्षेत्र में सत्याग्रह आश्रम की स्थापना की थी। यह आश्रम विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के संचालन की सुविधा की दृष्टि से 17 जून, 1917 को साबरमती नदी के किनारे स्थानांतरित कर दिया गया। इस प्रकार साबरमती आश्रम का वास्तविक नाम सत्याग्रह आश्रम था।

74. 1906 से 1920 के मध्य मो. अली जिन्ना की भूमिका भारत के स्वतंत्रता संघर्ष (संग्राम) में थी-

(a) अलगाववादी (b) चरमपंथी

(c) राष्ट्रवादी (d) राष्ट्रवादी एवं धर्मनिरपेक्ष

उत्तर—(d)

मुहम्मद अली जिन्ना बैरिस्टर बनने के बाद वर्ष 1906 में जब भारत लौटे, तो वे धर्मनिरपेक्ष, उदार राष्ट्रवादी और दादाभाई नौरोजी के समर्थक थे। वर्ष 1906 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में उन्होंने दादाभाई नौरोजी के सचिव का काम भी किया। लेकिन उनकी वास्तविक फिसलन तब शुरू हुई जब वे वर्ष 1913 में मुस्लिम लीग में दाखिल हुए। वैसे उस वक्त भी वे मूलतः राष्ट्रवादी ही थे। 1920 के दशक में कांग्रेस को छोड़ने के पश्चात वे मृतप्राय मुस्लिम लीग को पुनर्जीवित करने में लग गए।

75. दलित अधिकारों की सुरक्षा के लिए डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने तीन पत्रिकाएं निकाली। निम्न में से कौन उनमें से एक नहीं है?

(a) मूक नायक (b) बहिष्कृत भारत

(c) बहिष्कृत समाज (d) इक्विालिटी जनता

उत्तर—(c)

दलित अधिकारों की सुरक्षा के लिए डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने 'मूक नायक', 'बहिष्कृत भारत' तथा 'इक्वालिटी जनता' नाम से तीन पत्रिकाएं निकाली।

76. ब्रिटिश सरकार ने किस तिथि को भारत को पूर्ण स्वशासन देने की घोषणा की थी?

(a) 26 जनवरी, 1946 (b) 15 अगस्त, 1947

(c) 31 दिसंबर, 1947 (d) 30 जून, 1948

उत्तर—(d)

20 फरवरी, 1947 को तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने कॉमन्स हाउस में यह घोषणा की, कि ब्रिटिश सरकार 30 जून, 1948 से पहले भारत को पूर्ण स्वशासन प्रदान कर देगी।

77. वह सुल्तान जिसने प्रथम बार हिंदू धर्म-ग्रंथों का फारसी भाषा में अनुवाद कराने का कार्य प्रारंभ किया था-

(a) इल्तुतमिश (b) अलाउद्दीन खिलजी

(c) मुहम्मद-बिन-तुगलक (d) फिरोजशाह तुगलक

उत्तर—(d)

फिरोजशाह तुगलक को ज्वालामुखी मंदिर के पुस्तकालय से संस्कृत में लिखित 1300 ग्रंथ प्राप्त हुए। उनमें से कुछ का उसने फारसी में अनुवाद कराया। अजीजुद्दीन किरमानी ने संस्कृत के एक ग्रंथ का फारसी में अनुवाद करके उसका नाम 'दलायल-ए-फिरोजशाही' रखा था। यह पुस्तक 'दर्शन और नक्षत्र विज्ञान' से संबंधित थी।

78. अकबर के शासनकाल में सबसे बड़ी स्वर्ण-मुद्रा कौन थी?

(a) इलाही (b) जलाली

(c) शहंशाह (d) अशरफी

उत्तर—(c)

अकबर का सबसे बड़ा सोने का सिक्का 'शंसबी' (शहंशाह) था जो तोल में 101 तोले के करीब था और जिसका प्रयोग बड़े लेन-देनों में होता था। सोने का अधिक चलने वाला सिक्का 'इलाही' कहलाता था जिसका मूल्य 10 रुपये के बराबर था। चौकोर रुपये को 'जलाली' कहा जाता था यद्यपि वह लोकप्रिय नहीं हुआ। तांबे का सिक्का 'दाम' कहलाता था जिसकी कीमत रुपये का 40वां भाग था।

79. भारतीयों के लिए सिल्क मार्ग किसने आरंभ किया था?

(a) कनिष्क (b) हर्षवर्धन

(c) अशोक (d) फाहियान (फाह्यान)

उत्तर—(a)

मध्य एशिया से गुजरने वाला व्यापारिक मार्ग जो चीन को रोमन साम्राज्य के पश्चिमी प्रांतों से जोड़ता था, 'सिल्क मार्ग' कहा जाता था। इस पर कुषाणों का अधिकार था। भारतीयों के लिए सिल्क मार्ग का आरंभ कुषाण शासक कनिष्क ने किया था। इसी के शासनकाल में चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन भी हुआ था।

80. 'स्वतंत्रता के पश्चात' 'प्रिवी पर्स' किससे संबंधित था?

(a) जमींदार (b) पूर्वराजा

(c) उद्योगपति (d) नील उत्पादक (कृषक)

उत्तर—(b)

'प्रिवी पर्स' किसी संवैधानिक या लोकतांत्रिक राजतंत्र में राज्य के स्वायत्त शासक एवं राजपरिवार को मिलने वाली विशेष धनराशि को कहा जाता था। 'प्रिवी पर्स' देने की शुरुआत भारत में वर्ष 1950 के बाद शुरू हुई थी। यह भत्ता उन पूर्व राज्यों के राजाओं को प्रदान किया गया जिन्होंने अपने राज्य को भारतीय गणराज्य में संपूर्णतः विलीन कर दिया था। इस व्यवस्था को वर्ष 1971 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल में समाप्त कर दिया गया।

81. भारत में राज्य सभा के लिए 12 सदस्यों का मनोनयन कौन करता है?

(a) प्रधानमंत्री (b) मुख्य न्यायाधीश

(c) राष्ट्रपति (d) उप-राष्ट्रपति

उत्तर—(c)

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80 (क) के तहत राज्य सभा के लिए 12 सदस्यों को राष्ट्रपति मनोनीत करता है जो साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा में विशेष ज्ञान एवं व्यवहारिक अनुभव रखते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सभा के कुल सदस्यों की संख्या 250 है जिनमें से 238 सदस्य राज्यों/संघीय क्षेत्रों से निर्वाचित होते हैं।

82. भारत के संविधान में अवशिष्ट शक्तियां दी गई हैं-

(a) राज्य को (b) केंद्र को

(c) (a) तथा (b) दोनों को (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर—(b)

भारत के संविधान में अनुच्छेद 248 के अंतर्गत अवशिष्ट विधायी शक्तियां केंद्र (संसद) को सौंपी गई हैं।

83. किस संविधान संशोधन के द्वारा शिक्षा का विषय राज्य सूची से समवर्ती सूची को स्थानांतरित किया गया?

(a) पांचवें (b) नौवें

(c) बयालिसवें (d) चौवालिसवें

उत्तर—(c)

42वें संविधान संशोधन, 1976 के द्वारा शिक्षा का विषय राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरित किया गया था। इसी संविधान संशोधन द्वारा ही वन, जनसंख्या नियंत्रण को भी राज्य सूची में जोड़ा गया।

84. निम्नलिखित राज्यों में से कहां विधान परिषद नहीं है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) महाराष्ट्र

(c) कर्नाटक (d) उत्तराखंड

उत्तर—(d)

उत्तराखंड राज्य में विधान परिषद नहीं है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 168(क) के अनुसार, भारत देश के सात राज्यों- आंध्र प्रदेश, बिहार, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना (2 जून, 2015) और उत्तर प्रदेश में राज्य विधान परिषद है।

85. जनहित याचिका की अवधारणा का प्रादुर्भाव हुआ-

(a) यूनाइटेड किंगडम में (b) ऑस्ट्रेलिया में

(c) संयुक्त राज्य अमेरिका में (d) भारत में

उत्तर—(c)

जनहित याचिका की अवधारणा का प्रादुर्भाव संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ था। भारत में 1980 के दशक के बाद सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिकाओं की शुरुआत हुई। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पी.एन. भगवती एवं न्यायमूर्ति वी.आर. कृष्णा अय्यर जनहित याचिकाओं को स्वीकार करने वाले प्रथम न्यायाधीश थे।

86. भारत का संविधान भारत को घोषित करता है-

(a) एक स्वैच्छिक संघ (b) एक परिसंघ

(c) राज्यों का एक समूह (d) एक संघ

उत्तर—(c)

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1 (1) में भारत को राज्यों का संघ (Union of State) घोषित किया गया है।

87. भारत के राष्ट्रपति के चुनाव संबंधी विवाद का निपटारा कौन करता है?

(a) सर्वोच्च न्यायालय (b) निर्वाचन आयोग

(c) संसद (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर—(a)

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 71 के अनुसार, राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के निर्वाचन से उत्पन्न या संसक्त सभी शंकाओं और विवादों की जांच और विनिश्चय उच्चतम न्यायालय द्वारा किया जाएगा और उसका विनिश्चय अंतिम होगा।

88. 'आर्थिक निर्गम' (Economic Drain) सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया था?

(a) एम.के. गांधी (b) जवाहरलाल नेहरू

(c) दादाभाई नौरोजी (d) आर.सी. दत्त

उत्तर—(c)

आर्थिक निर्गम (Economic Drain) सिद्धांत का प्रतिपादन दादाभाई नौरोजी ने किया था। अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'पावर्टी एंड अन ब्रिटिश रूल इन इंडिया' के माध्यम से उन्होंने भारत से इंग्लैंड को संपदा के निर्गमन की ओर ध्यान आकृष्ट किया।

89. पहला 'लोकपाल बिल' भारत की संसद में प्रस्तुत किया गया-

(a) 1971 में (b) 1967 में

(c) 1972 में (d) 1968 में

उत्तर—(d)

पहला लोकपाल बिल भारत की लोक सभा में वर्ष 1968 में प्रस्तुत किया गया था। इसे वर्ष 1969 में लोक सभा द्वारा पारित किया गया, परंतु यह बिल राज्य सभा द्वारा पारित नहीं हो सका जिससे यह वहीं समाप्त हो गया।

90. एम.के. गांधी द्वारा लिखी गई पहली पुस्तक थी-

(a) माई एक्सपेरिमेंट विद ट्रुथ (b) हिंद स्वराज
(c) इंडिया ऑफ माई ड्रीम्स (d) की टू द हेल्थ

उत्तर—(b)

प्रश्न में दिए गए महात्मा गांधी की पुस्तकों में पहली पुस्तक हिंद स्वराज (1909) है। महात्मा गांधी द्वारा रचित माई एक्सपेरिमेंट विद ट्रुथ वर्ष 1925 से 1929 के बीच, की टू द हेल्थ वर्ष 1942 से 1944 के बीच जबकि इंडिया ऑफ माई ड्रीम्स 15 अगस्त, 1947 को प्रकाशित हुई।

91. 'बजट' का मुख्य उद्देश्य होता है-

(a) जवाबदेही सुनिश्चित करना
(b) प्रबंधन के साधन के रूप में कार्य करना
(c) आर्थिक विश्लेषण हेतु सुविधा देना
(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर—(d)

बजट का मुख्य उद्देश्य प्रबंधन के साधन के रूप में कार्य करना होता है। बजट आर्थिक विश्लेषण हेतु सुविधा भी प्रदान करता है जिससे वैयक्तिक या सांस्थानिक जवाबदेही सुनिश्चित करने में मदद मिलती है।

92. संसदीय सरकार जिस सिद्धांत पर कार्य करती है, वह है-

(a) शक्तियों का विभाजन
(b) अंकुश एवं संतुलन
(c) विधायिका एवं कार्यपालिका में घनिष्ठ संबंध
(d) न्यायपालिका का कार्यपालिका पर नियंत्रण

उत्तर—(c)

संसदीय सरकार विधायिका एवं कार्यपालिका में घनिष्ठ संबंध है। संसदीय शासन प्रणाली में कार्यपालिका विधायिका के प्रति उत्तरदायी होता है अर्थात यदि विधायिका का कार्यपालिका में विश्वास नहीं रह जाता है, तो विधायिका उसे हटा सकती है।

93. भारत की संसद में शून्यकाल शुरू होता है-

(a) बैठक के पहले एक घंटे में
(b) बैठक के अंतिम एक घंटे में
(c) दोपहर 12.00 बजे
(d) किसी भी समय

उत्तर—(c)

भारत की संसद में शून्यकाल का समय प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजे तक होता है। शून्यकाल में अबिलंब महत्व के प्रश्नों को सदन में रखा जाता है। शून्यकाल का यह नाम 1960 और 1970 के दशक में समाचार-पत्रों द्वारा दिया गया।

94. भारतीय संविधान का कौन-सा भाग नागरिकता से संबंधित है?

(a) II (b) III
(c) IV (d) V

उत्तर—(a)

भारतीय संविधान का भाग II का अनुच्छेद 5-11 नागरिकता से संबंधित है। ज्ञातव्य है कि भाग III मूल अधिकार, भाग IV राज्य के नीति-निदेशक तत्व और भाग V संघ से संबंधित है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (b) माना है जो कि गलत है।

95. $\frac{(2.39)^2-(1.61)^2}{2.39-1.61}$ का मान है-

(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 8

उत्तर—(b)

$$\frac{(2.39)^2-(1.61)^2}{2.39-1.61}=\frac{(2.39+1.61)(2.39-1.61)}{(2.39-1.61)}$$

$[\therefore a^2-b^2=(a+b)(a-b)]$

$= 2.39+1.61 \Rightarrow 4$

96. यदि 0.75 : X : : 5 : 8, तो X का मान है-

(a) 1.12 (b) 1.20
(c) 1.25 (d) 1.30

उत्तर—(b)

$0.75 : X : : 5 : 8$

$$\frac{0.75}{X}=\frac{5}{8}$$

$$\therefore X=\frac{0.75\times 8}{5}\Rightarrow 1.20$$

97. एक कक्षा के 22 विद्यार्थियों की औसत आयु 21 वर्ष है। शिक्षक की आयु सम्मिलित करने पर औसत आयु में 1 वर्ष की वृद्धि हो जाती है। शिक्षक की आयु क्या है?

(a) 48 वर्ष (b) 45 वर्ष
(c) 43 वर्ष (d) 44 वर्ष

उत्तर—(d)

22 विद्यार्थियों की औसत आयु = 21 वर्ष

$\therefore$ 22 विद्यार्थियों की कुल आयु $= 22 \times 21 \Rightarrow 462$ वर्ष

$\therefore$ शिक्षक की आयु सम्मिलित करने पर औसत आयु

$= 21 + 1 \Rightarrow 22$ वर्ष

$\therefore$ शिक्षक की आयु सम्मिलित करने पर कुल आयु

$= 22 \times (22+1) = 22 \times 23 \Rightarrow 506$ वर्ष

$\therefore$ शिक्षक आयु $= 506 - 462 \Rightarrow 44$ वर्ष

98. एक आदमी के पास कुछ मुर्गियां और गायें हैं। यदि उनके सिरों की संख्या 48 तथा पैरों की संख्या 140 के बराबर हो, तो मुर्गियों की संख्या है-

(a) 24 (b) 25

(c) 26 (d) 27

उत्तर—(c)

माना आदमी के पास x मुर्गियां तथा y गायें हैं।

$\therefore x + y = 48$ ..... (i)

तथा $2x + 4y = 140$

या $x + 2y = 70$ ..... (ii)

समी. (ii) से समी. (i) घटाने पर

$y = 22$

y का मान समी. (i) में रखने पर

$x + 22 = 48$

$x = 48 - 22 \Rightarrow 26$

अत: आदमी के पास 26 मुर्गियां हैं।

द्वितीय विधि -

मान लीजिए कुल 48 मुर्गियां हैं।

इसलिए कुल पैरों की संख्या $= 48 \times 2 \Rightarrow 96$ होगी जबकि आदमी के पास कुल पैरों की संख्या 140 है अर्थात $140 - 96 = 44$ अधिक। यह 44 अधिक गायों के पैर हैं। इसलिए गायों की संख्या $= \frac{44}{2} \Rightarrow 22$ होगी।

अत: मुर्गियों की संख्या $= 48 - 22 \Rightarrow 26$

99. यदि a का 20% b के बराबर है, तब 20 का b% निम्न में से किसके समान है?

(a) a के 4% (b) a के 5%

(c) a के 20% (d) a के 25%

उत्तर—(a)

a का 20% = b

$a \times \frac{20}{100} = b$ ..... (i)

तथा 20 का b% $= 20 \times \frac{b}{100}$

$= 20 \times \frac{b}{100}$

$= \frac{20}{100} \times a \times \frac{20}{100}$ [समी. (i) से $b = a \times \frac{20}{100}$ रखने पर]

$= a \times \frac{4}{100}$

= a का 4%

100. महेश ने जितने में 20 अंडे खरीदे उतने में उसने 18 अंडे बेचे। उसका लाभ या हानि का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(a) $11\frac{1}{3}\%$ हानि (b) $11\frac{1}{3}\%$ लाभ

(c) $11\frac{1}{9}\%$ हानि (d) $11\frac{1}{9}\%$ लाभ

उत्तर—(d)

माना एक अंडे का क्रय मूल्य = 1 रु.

$\therefore$ 18 अंडों का क्रय मूल्य = 18 रु.

18 अंडों का विक्रय मूल्य = 20 अंडों का क्रय मूल्य = 20

इस प्रकार लाभ होगा।

$\therefore$ लाभ $= 20 - 18 \Rightarrow 2$ रु.

$\therefore$ लाभ % $= \frac{2}{18} \times 100 \Rightarrow 11\frac{1}{9}\%$

101. निम्नलिखित चित्र में कुल कितने वर्ग हैं?



(a) 8 (b) 12

(c) 15 (d) 18

उत्तर—(c)



एक फलक वाले वर्गों की संख्या = 4

दो फलक वाले वर्गों की संख्या = 4

तीन फलक वाले वर्गों की संख्या = 4

चार फलक वाले वर्गों की संख्या = 1 (1, 2, 3, 4)

आठ फलक वाले वर्गों की संख्या = 1 (1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8)

सभी फलकों को मिलाकर बने वर्गों की संख्या = 1

$\therefore$ अभीष्ट वर्गों की संख्या $= 4 + 4 + 4 + 1 + 1 + 1$

$\Rightarrow 15$

102. यदि 'प्रकाश' को 'सुबह' कहते हैं; 'सुबह' को 'अंधेरा'; 'अंधेरे' को 'रात'; 'रात' को 'धूप'; तो सामान्यतः हम कब सोते हैं?

(a) धूप (b) रात

(c) अंधेरा (d) सुबह

उत्तर—(a)

सामान्यतः हम रात में सोते हैं, यहां पर रात को धूप कहा गया है। अतः प्रश्नानुसार हम धूप में सोते हैं।

103. एक परिवार में एक आदमी, उसकी पत्नी, उनके चार बेटे और उनकी पत्नियां हैं। परिवार के प्रत्येक बेटे के तीन बेटे और एक बेटी है। परिवार में सभी पुरुषों की संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 5 (b) 10

(c) 16 (d) 17

उत्तर—(d)

यहां Δ = पुरुष तथा O = महिला



इस प्रकार पुरुषों की संख्या = 17

104. K, N और X का भाई है। Y, N की माता है और Z, K का पिता है। निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) K, Z का पुत्र है। (b) Y, Z की पत्नी है।

(c) N सदैव X का भाई है। (d) Z, X का पिता है।

उत्तर—(c)



इस प्रकार स्पष्ट है कि K, Z का पुत्र तथा Y, Z की पत्नी और Z, X का पिता है यह कथन सही है जबकि N सदैव X का भाई है यह कथन गलत है क्योंकि N, X की बहन और भाई का कुछ भी हो सकता है। यह प्रश्न से स्पष्ट नहीं है कि N, X का सदैव भाई ही है।

105. 30 लड़कियों की एक पंक्ति में, शिवानी अपने मूल स्थान से 6 स्थान बाईं ओर खिसकती है, तो बाएं से उसका स्थान 8वां है। उर्वशी का दाएं से क्या स्थान होगा? यदि उर्वशी का मूल स्थान शिवानी के मूल स्थान से 4 स्थान दाहिनी ओर था?

(a) 12 (b) 13

(c) 14 (d) 16

उत्तर—(b)

पंक्ति में लड़कियों की कुल संख्या = 30

6 स्थान बाएं खिसकने पर बाएं से शिवानी का स्थान = 8वां

बाएं से शिवानी का मूल स्थान = (8 + 6) वां

= 14वां

ऊर्वशी का बाएं से स्थान = (14 + 4)वां $\Rightarrow$ 18वां

ऊर्वशी के दाएं पंक्ति में शेष लोगों की संख्या = 30 – 18 $\Rightarrow$ 12

अतः ऊर्वशी का दाएं से स्थान = (12+1)वां $\Rightarrow$ 13वां

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

106. प्रश्न चित्र में लुप्त चित्र, उत्तर चित्र में से चुनिए।

प्रश्न चित्र :

उत्तर चित्र :



(a) 4 (b) 3

(c) 2 (d) 1

उत्तर—(b)

दी गई अक्षर श्रृंखला निम्नवत है-



107. रमन ने रु. 12,000/-, प्रति वर्ष 10.5% की दर से 3 वर्ष के लिए सरल ब्याज पर उधार लिया, जबकि राहुल ने उतनी ही धनराशि उतने ही समय के लिए 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से उधार लिए। किसने ज्यादा

धनराशि दी और कितनी अधिक?

(a) रमन, रु. 132 (b) रमन, रु. 145

(c) राहुल, रु. 158 (d) राहुल, रु. 192

उत्तर—(d)

रमन का साधारण ब्याज $= \dfrac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$

$= \dfrac{12000 \times 10.5 \times 3}{100} \Rightarrow 3780$ रु.

तथा राहुल का चक्रवृद्धि ब्याज

$= \text{मूलधन}\left(1+\dfrac{\text{दर}}{100}\right)^{\text{समय}} - \text{मूलधन}$

$= 12000\left(1+\dfrac{10}{100}\right)^3 - 12000$

$= 12000 \times \dfrac{11}{10} \times \dfrac{11}{10} \times \dfrac{11}{10} - 12000$

$= 15972 - 12000 \Rightarrow 3972$

अतः राहुल, रमन से $3972 - 3780 = 192$ रु. अधिक ब्याज चुकाया।

108. पिता और उसके पुत्र की आयु का मध्यमान 27 वर्ष है। 18 साल के बाद पिता की आयु अपने पुत्र की आयु की दोगुनी होगी। उनकी वर्तमान आयु क्रमशः है-

(a) 42, 12 (b) 40, 14

(c) 30, 24 (d) 36, 18

उत्तर—(a)

माना पिता की वर्तमान आयु x वर्ष तथा पुत्र की वर्तमान आयु y वर्ष है।

प्रश्नानुसार $\dfrac{x+y}{2} = 27$

$\therefore x + y = 27 \times 2 \Rightarrow 54$ वर्ष .....(i)

पुनः प्रश्नानुसार

$(x+18) = 2(y+18)$

$x - 2y = 36 - 18 \Rightarrow 18$ .....(ii)

समी. (i) से समी. (ii) घटाने पर

$3y = 36$

$\therefore y = \dfrac{36}{3} \Rightarrow 12$ वर्ष

समी. (i) में y का मान रखने पर

$x = 54 - 12 \Rightarrow 42$ वर्ष

अतः पिता एवं पुत्र की वर्तमान आयु क्रमशः 42 एवं 12 वर्ष है।

109. इस शृंखला का अगला पद है-

B2E, D5H, F12K, H27N, __?__

(a) Q62J (b) J56Q

(c) I62Q (d) J58Q

उत्तर—(d)

दी गई शृंखला निम्नवत है-



अतः शृंखला का अगला पद J58Q होगा।

110. भुवन की ओर इशारा करते हुए मधु ने कहा, 'वह मेरे पिता के इकलौते बेटे का बेटा है।' कैसे भुवन की मां मधु से संबंधित है?

(a) बहन (b) भाभी

(c) बेटी (d) चाची

उत्तर—(b)



मधु के पिता का इकलौता बेटा अर्थात मधु का भाई होगा और मधु के भाई का बेटा यानि मधु का भतीजा होगा जो भुवन है। इस प्रकार भुवन की मां, मधु की भाभी होगी।

111. तीसरे त्रिभुज में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए-



(a) 18 (b) 46

(c) 80 (d) 70

उत्तर—(d)

त्रिभुज के मध्य में कोने पर दी गई संख्याओं का ल.स. दिया गया है

जिस प्रकार

6, 8, 12 का ल.स. = 24

$4, 6, 3$ का ल.स. $= 12$

उसी प्रकार

$5, 7, 2$ का ल.स. $= 70$

अतः विकल्प (d) सही है।

112. रिक्त स्थान भरें-

$4, 6, 12, 14, 28, 30, \underline{?}$

(a) 32 (b) 64

(c) 62 (d) 60

उत्तर—(d)

दी गई शृंखला निम्नवत है



अतः $? = 60$

113. 'A' 'B' से दुगुना अच्छा कर्मकार है और दोनों साथ में 18 दिनों में किसी काम को पूरा करते हैं। 'A' अकेले उस काम को कितने दिन में पूरा करेगा?

(a) 31 दिन (b) 25 दिन

(c) 27 दिन (d) 29 दिन

उत्तर—(c)

माना A एक दिन में 2 काम करता है, तो B एक दिन में 1 काम करेगा। इस प्रकार दोनों मिलकर एक दिन में 3 काम करेंगे। इसलिए 18 दिन में दोनों मिलकर कुल $18 \times 3 = 54$ काम करेंगे।

$\because$ A अकेला 2 काम करता है = 1 दिन

$\therefore$ A पूरा काम अर्थात 54 काम करेगा $= \frac{1}{2} \times 54 \Rightarrow 27$ दिन में

114. दो ट्रेनों की गति के बीच का अनुपात 7: 8 है। अगर दूसरी ट्रेन 4 घंटे में 400 किमी. की दूरी तय करती है, तो पहली ट्रेन की गति होगी-

(a) 70 किमी. प्रति घंटा (b) 75 किमी. प्रति घंटा

(c) 84 किमी. प्रति घंटा (d) 87.5 किमी. प्रति घंटा

उत्तर—(d)

दो ट्रेनों की गति का अनुपात = 7 : 8

माना एक ट्रेन की गति $7x$, तो दूसरे की $8x$ होगी

प्रश्नानुसार, दूसरे ट्रेन की गति

$$8x = \frac{400}{4}$$

$$x = \frac{25}{2}$$

तब पहले ट्रेन की गति $= 7 \times \frac{25}{2} \Rightarrow 87.5$ किमी./घंटा

अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

115. अनिल ने अपने घर से पूर्व दिशा में 6 किमी. की दूरी तय करने के बाद महसूस किया कि उसने गलत दिशा में दूरी तय की। वह वापस घूमा और पश्चिम दिशा में 12 किमी. की दूरी तय की, फिर दाईं ओर घूमकर अपने कार्यालय पहुंचने के लिए 8 किमी. की दूरी तय की। उसके घर से कार्यालय की सीधी दूरी कितनी है?

(a) 12 किमी. (b) 14 किमी.

(c) 10 किमी. (d) 20 किमी.

उत्तर—(c)



माना अनिल का कार्यालय बिंदु A पर तथा घर बिंदु C पर है।

तो $AC = \sqrt{AB^2 + BC^2} = \sqrt{64 + 36}$

$= \sqrt{100}$

$= 10$ किमी.

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

116. लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए-

7	5	6
3	2	1
9	6	?

(a) 5 (b) 6

(c) 7 (d) 8

उत्तर—(b)

जिस प्रकार

$7 + 3 = 10 - 1 \Rightarrow 9$

तथा $5 + 2 = 7 - 1 \Rightarrow 6$

उसी प्रकार

$6 + 1 = 7 - 1 \Rightarrow 6$

अतः $? = 6$

117. पुस्तिकाओं को समान रूप से एक वर्ग के बच्चों में मुफ्त में वितरित किया गया। पुस्तिकाओं की संख्या जो प्रत्येक बच्चे को मिली, बच्चों की संख्या का 1/8वां भाग थी। अगर बच्चों की संख्या को आधा कर दिया जाता, तो प्रत्येक बच्चे को 16 पुस्तिकाएं मिल जाती। कुल कितनी पुस्तिकाओं का वितरण किया गया?

(a) 256 (b) 432

(c) 512 (d) 640

उत्तर—(c)

माना बच्चों की संख्या x थी

प्रत्येक बच्चे को मिली पुस्तिकाओं की संख्या $= x \times \frac{1}{8}$

यदि बच्चों की संख्या को आधा कर दिया जाए, तो प्रत्येक बच्चे को दोगुनी पुस्तक मिलेगी अत: $2\left(x \times \frac{1}{8}\right) = 16$

$x = 64$

इस प्रकार बच्चों की संख्या 64 थी।

एक बच्चे को मिलेगी $= 64 \times \frac{1}{8} = 8$ पुस्तक

$\therefore$ 64 बच्चे को मिलेगी कुल $= 8 \times 64 \Rightarrow 512$ पुस्तक

118. किसी निश्चित कोड में BREAKTHROUGH को EAOUHRBRGHKT लिखा जाता है, उसी कोड में DISTRIBUTION कैसे लिखा जाएगा?

(a) STDIBURIONTI (b) STTIBUDIONRI

(c) TISTBUONDIRI (d) STTIBUODRIDI

उत्तर—(b)

जिस प्रकार

B	R	E	A	K	T	H	R	O	U	G	H
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
E	A	O	U	H	R	B	R	G	H	K	T
3	4	9	10	7	8	1	2	11	12	5	6

उसी प्रकार

D	I	S	T	R	I	B	U	T	I	O	N
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
S	T	T	I	B	U	D	I	O	N	R	I
3	4	9	10	7	8	1	2	11	12	5	6

अत: DISTRIBUTION $\rightarrow$ STTIBUDIONRI

119. एक आदमी का मुंह पश्चिम की ओर है और वह 45^0 दक्षिणावर्ती घूमता है और फिर 180^0 दक्षिणावर्ती घूमता है तदोपरांत 315^0 वामावर्ती घूमता है। अब उसका मुंह किस दिशा की ओर है?

(a) पश्चिम (b) पश्चिम-दक्षिण

(c) दक्षिण (d) उत्तर

उत्तर—(c)

प्रश्नानुसार



माना आदमी प्रारंभ में बिंदु x पर है और वह 45^0 दक्षिणावर्ती घूमकर y पर पुन: 180^0 दक्षिणावर्ती घूमकर z पर पहुंचा इसके बाद 315^0 वामावर्ती घूमकर 0 बिंदु पर पहुंचता है। अत: बिंदु 0 पर आदमी का मुंह दक्षिण दिशा की ओर है।

120. एक 60 लीटर के मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 2:1 है। इस अनुपात को 1:2 करने के लिए मिश्रण में कितना पानी (लीटर में) मिलाना होगा?

(a) 30 (b) 60

(c) 90 (d) 100

उत्तर—(b)

60 लीटर के मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात = 2 : 1

60 लीटर के मिश्रण में दूध की मात्रा $= 60 \times \frac{2}{(2+1)}$

$= 60 \times \frac{2}{3} \Rightarrow 40$ लीटर

तथा पानी की मात्रा $= 60 \times \frac{1}{3} \Rightarrow 20$ लीटर

माना x लीटर पानी मिलाने पर मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 1 : 2 हो जाता है।

$\therefore \frac{40}{20+x} = \frac{1}{2}$

$20 + x = 40 \times 2$

$x = 80 - 20 \Rightarrow 60$ लीटर

121. यदि एक संख्या के एक-चौथाई का एक-तिहाई 15 है, तो उस संख्या का तीन-दसवां है-

(a) 34 (b) 46
(c) 49 (d) 54

उत्तर—(d)

माना संख्या x है।

प्रश्नानुसार

$$x \times \frac{1}{4} \times \frac{1}{3} = 15$$

$\therefore\ x = 15 \times 4 \times 3 \Rightarrow 180$

अतः संख्या का तीन-दसवां $= 180 \times \frac{3}{10} \Rightarrow 54$

122. एक घड़ी को दोपहर में 12 बजे शुरू किया जाता है। घंटे की सुई का घुमाव 5 बजकर 10 मिनट तक होगा-

(a) 145^0 (b) 150^0
(c) 155^0 (d) 160^0

उत्तर—(c)

एक घंटे में घड़ी की घंटे की सुई घूमेगी $= 30^0$

$\therefore$ 5 घंटे में घड़ी की घंटे की सुई घूमेगी $= 30^0 \times 5$
$= 150^0$

तथा 10 मिनट में घंटे की सुई घूमेगी $= 30^0 = \times \frac{10}{60}$
$\Rightarrow 5^0$

अतः घंटे की सुई का घूमाव 5 : 10 मिनट तक होगा
$= 150^0 + 5^0 \Rightarrow 155^0$

123. एक सड़क को 39 व्यक्ति 12 दिन में, 5 घंटे कार्य करके मरम्मत कर सकते हैं, तो कितने दिन में समान दक्षता वाले 30 व्यक्ति प्रतिदिन 6 घंटे कार्य करके, इस कार्य को पूरा करेंगे?

(a) 10 (b) 13
(c) 14 (d) 15

उत्तर—(b)

सूत्र $\frac{M_1\ D_1\ T_1}{W_1} = \frac{M_2\ D_2\ T_2}{W_2}$

जहां $M \rightarrow$ व्यक्ति, $D \rightarrow$ दिन, $T \rightarrow$ घंटा तथा $W \rightarrow$ कार्य

$$\therefore\ \frac{39 \times 12 \times 5}{1} = \frac{30 \times 6 \times D_2}{1}$$

$$\therefore D_2 = \frac{39 \times 12 \times 5}{30 \times 6} \Rightarrow 13$$

124. एक दो अंकों की संख्या का, उसके अंकों की आपस में स्थिति बदलने पर प्राप्त संख्या से, अंतर 36 है। उस संख्या के दोनों अंकों के बीच में अंतर क्या है?

(a) 4 (b) 9
(c) 12 (d) 16

उत्तर—(a)

माना दहाई का अंक x तथा इकाई का अंक y है।

$\therefore$ प्रथम संख्या $= 10x + y$

तथा अंक आपस में बदलने पर प्राप्त संख्या $= 10y + x$

प्रश्नानुसार

$$(10x + y) - (10y + x) = 36$$
$$10x + y - 10y - x = 36$$
$$9x - 9y = 36$$
$$9\,(x - y) = 36$$
$$\therefore x - y = \frac{36}{9} \Rightarrow 4$$

अतः अभीष्ट अंतर 4 होगा।

125. 1947 ई. में मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किए जाने वाले मेजर सोमनाथ शर्मा संबंधित थे-

(a) गोरखा राइफल से (b) गढ़वाल राइफल से
(c) डोगरा रेजीमेंट से (d) कुमाऊं रेजिमेंट से

उत्तर—(d)

मेजर सोमनाथ शर्मा का जन्म 31 जनवरी, 1923 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में हुआ था। 22 फरवरी, 1942 को उन्होंने कुमाऊं रेजीमेंट में कमीशन प्राप्त किया। वर्ष 1947 के भारत-पाक युद्ध में वीरतापूर्ण प्रदर्शन करने के कारण उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। परमवीर चक्र पाने वाले वे प्रथम व्यक्ति हैं।

126. प्राचीन शैलचित्रों वाली 'लखू गुफा' स्थित है-

(a) चमोली जिले में (b) नैनीताल जिले में
(c) हरिद्वार जिले में (d) अल्मोड़ा जिले में

उत्तर—(d)

लखू-उडयार गुफा उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में स्थित है। यह गुफा सुयाल नदी के तट पर स्थित है। लखू-उडयार का तात्पर्य है 'एक लाख गुफा'। इस गुफा में विभिन्न प्रकार के शैल चित्रों के प्राचीनतम अवशेष प्राप्त हुए हैं।

127. कत्यूरियों की दरबारी भाषा थी-

(a) कुमाऊंनी (b) गढ़वाली
(c) संस्कृत (d) प्राकृत

उत्तर—(c)

कत्यूरी राजवंश उत्तराखंड का एक मध्ययुगीन राजवंश था।

वासुदेव को कत्यूरी वंश का संस्थापक माना जाता है। कार्तिकेयपुर कत्यूरी शासकों की प्रारंभिक राजधानी थी। कत्यूरियों की दरबारी भाषा संस्कृत थी।

128. दारमा एवं ब्यांस घाटियों को जोड़ने वाला दर्रा है-

(a) सिनला (b) ऊंटा

(c) ज्यातिया (d) रामल

उत्तर—(a)

दारमा और ब्यांस घाटियों को सिनला दर्रा (Sinla Pass) जोड़ता है। यह दर्रा हिमालयन दर्रे से संबंधित है।

129. 'प्रजा मंडल' की स्थापना का उद्देश्य था-

(a) ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करना

(b) गोरखा शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करना

(c) जनता को समाज-सुधार हेतु संगठित करना

(d) जनता को टिहरी राज्य के कुशासन से मुक्त करना

उत्तर—(d)

टिहरी राज्य प्रजामंडल की स्थापना वर्ष 1939 में देहरादून में हुई थी। प्रजामंडल की स्थापना का उद्देश्य जनता को टिहरी राज्य के कुशासन से मुक्त करना था।

130. खतलिंग हिमनद उद्‌गम स्थान है-

(a) जलकुर नदी का

(b) भिलंगना नदी का

(c) पिलंग गंगा नदी का

(d) बालगंगा नदी का

उत्तर—(b)

भिलंगना नदी का उद्‌गम खतलिंग ग्लेशियर है। यह नदी टिहरी के समीप भागीरथी नदी से मिलती है। यह भागीरथी की प्रमुख सहायक नदी है। बालगंगा और धरणी गंगा भिलंगना नदी की सहायक नदियां हैं।

131. निम्नलिखित में कौन-सा पर्वतपदीय नगर नहीं है?

(a) टनकपुर (b) कोटद्वार

(c) रुद्रपुर (d) हरिद्वार

उत्तर—(c)

रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर जिले का एक नगर है। यह पर्वतपदीय नगर नहीं है। शेष अन्य तीनों पर्वतपदीय नगर हैं।

132. सुप्रसिद्ध 'कैलाश मानसरोवर' यात्रा गुजरती है-

(a) नीती दर्रे से (b) लिपुलेख दर्रे से

(c) लांपिया धुरा दर्रे से (d) बाड़ाहोती दर्रे से

उत्तर—(b)

कैलाश मानसरोवर यात्रा प्रतिवर्ष विदेश मंत्रालय द्वारा जून से सितंबर तक दो भिन्न मार्गों से आयोजित की जाती है- लिपुलेख दर्रा (उत्तराखंड) और नाथुला (सिक्किम)। यह यात्रा अपने धार्मिक मूल्यों, सांस्कृतिक महत्व, भौतिक सौंदर्य तथा रोमांचक प्राकृतिक परिवेश के लिए प्रसिद्ध है। भगवान शिव का निवास स्थल होने के कारण हिंदुओं में इसका धार्मिक महत्व है; साथ ही जैनियों और बौद्धों के लिए भी महत्वपूर्ण है। लिपुलेख दर्रा उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के काली घाटी में 5122 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

133. निम्नलिखित में कौन एक उत्तराखंड में रेल यातायात का अंतिम बिंदु नहीं है?

(a) काठगोदाम (b) देहरादून

(c) कोटद्वार (d) लक्सर

उत्तर—(d)

उत्तराखंड में लक्सर रेल यातायात का अंतिम बिंदु नहीं है।

134. 'नन्धौर दून' किस जनपद में स्थित है?

(a) ऊधमसिंह नगर (b) नैनीताल

(c) गढ़वाल (d) हरिद्वार

उत्तर—(b)

नन्धौर दून नैनीताल जिले में स्थित है। नन्धौर वन्य जीव अभ्यारण्य नैनीताल जिले में स्थित है।

135. हिमालय में मुख्य सीमा भ्रंश (MCT) पृथक करता है-

(a) लघु हिमालय एवं बाह्य हिमालय को,

(b) 'दून' घाटियों एवं शिवालिक श्रेणियों को

(c) महान हिमालय एवं हिमालय-पार क्षेत्र को

(d) महान हिमालय एवं लघु हिमालय को

उत्तर—(d)

हिमालय भारत के उत्तर में कश्मीर से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक विस्तृत है। इसकी कुल लंबाई लगभग 2500 किमी. है। हिमालय को तीन प्रमुख भूगार्भिक भ्रंशों- (i) इंडो-सांगपो सचर जोन, (ii) मेन सेंट्रल थ्रस्ट तथा (iii) मेन बाउंड्री फाल्ट में विभक्त किया जाता है। मेन सेंट्रल थ्रस्ट महान हिमालय को लघु हिमालय से पृथक करता है।

136. उत्तरकाशी का ऐतिहासिक नाम है-

(a) सौम्य काशी (b) श्रीक्षेत्र

(c) गंगोत्री (d) बाड़ाहाट

उत्तर–(d)

उत्तरकाशी जिले की स्थापना फरवरी, 1960 में की गई थी। यह भागीरथी नदी के तट पर अवस्थित है। उत्तरकाशी धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है। यहां भगवान विश्वनाथ का प्रसिद्ध मंदिर है। उत्तरकाशी का ऐतिहासिक नाम बाड़ाहाट है।

137. उत्तराखंड में औपनिवेशिक संघर्ष किस काल में प्रारंभ हुआ?

(a) मुगल काल (b) गोरखा काल

(c) डोगरा काल (d) ब्रिटिश काल

उत्तर–(b)

1814-16 ई. आंग्ल-नेपाल युद्ध के समय उत्तराखंड के अधिकांश भाग पर गोरखाओं का शासन था। संगौली की संधि द्वारा आंग्ल-नेपाल युद्ध समाप्त हुआ। इस संधि से कुमाऊं आदि अनेक क्षेत्र अंग्रेजों के प्रत्यक्ष नियंत्रण में आ गए। इस प्रकार उत्तराखंड में औपनिवेशिक संघर्ष गोरखा काल में प्रारंभ हुए।

138. प्राचीन समय में निम्न में से कुब्जाम्रक के रूप में जाना जाता था?

(a) ऋषिकेश (b) देवप्रयाग

(c) हरिद्वार (d) श्रीनगर

उत्तर–(a)

ऋषिकेश अत्यंत प्राचीन तीर्थस्थल है। इसे विश्व की योगा राजधानी भी कहा जाता है। यह लंबे समय से एक आध्यात्मिक केंद्र रहा है। ऋषिकेश को प्राचीन समय में कुब्जाम्रक के रूप में जाना जाता था।

139. 'पांडुकेश्वर ताम्रपत्र' किस भाषा में लिखे गए हैं?

(a) पालि (b) प्राकृत

(c) संस्कृत (d) अरमाइक

उत्तर–(c)

पांडुकेश्वर ताम्रपत्र संस्कृत भाषा में लिखे गए हैं। इन ताम्रपत्र अभिलेखों से कत्यूरी राजाओं के विषय में जानकारी प्राप्त होती है।

140. निम्नलिखित में से किस नृत्य में गीत नहीं गाया जाता है?

(a) छोपती (b) झोड़ा

(c) छपेली (d) छोलिया

उत्तर–(d)

छोलिया नृत्य उत्तराखंड के शौका क्षेत्र का प्रसिद्ध नृत्य है। इस नृत्य में वीरता की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। विशेष नृत्य की पोशाक में जब नर्तक वीरता की कलाबाजियां ढाल-तलवार के साथ दिखाते हैं, तो यह नृत्य दर्शकों को अपने आप में पूर्णतः बांध लेता है। वर्ष 1970 के गणतंत्र दिवस के अवसर पर शौका लोगों का यही छोलिया नृत्य नई दिल्ली के सभी क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना था। छोलिया नृत्य में गीत नहीं गाया जाता है। शेष अन्य तीनों नृत्यों- छोपती, झोड़ा और छपेली में नृत्य के साथ गीत भी गाया जाता है।

141. द्वारहाट में नवीं शताब्दी के ध्वज मंदिर को एक अन्य नाम से भी जाना जाता है-

(a) महामृत्युंजय मंदिर

(b) कटारमल मंदिर

(c) गूजरदेव मंदिर

(d) कछेरी मंदिर

उत्तर–(c)

अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट में स्थित ध्वज मंदिर को गूजरदेव मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।

142. निम्नलिखित में कौन-सी जनजाति भूमसेन देवता की पूजा करती है?

(a) थारू (b) बोक्सा

(c) जाड़ (d) भोटिया

उत्तर–(a & b)

बोक्सा और थारू दोनों जनजातियां भूमसेन देवता की पूजा करते हैं। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (b) माना है।

143. उत्तराखंड में पीतल नगरी की स्थापना की जा रही है-

(a) बाजपुर में (b) रुद्रपुर में

(c) पिथौरागढ़ में (d) अल्मोड़ा में

उत्तर–(d)

उत्तराखंड सरकार द्वारा अल्मोड़ा के मार्चुला में पीतल नगरी की स्थापना की जा रही है।

144. उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेल किस वर्ष में आयोजित होंगे?

(a) 2016 (b) 2017

(c) 2018 (d) 2020

उत्तर—(c)

उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेल वर्ष 2018 में आयोजित किए जाएंगे।

145. उत्तराखंड के किस शहर को हाल ही में भारत के स्वच्छ शहरों की सूची में 61वां स्थान मिला है?

(a) देहरादून (b) रुड़की

(c) हल्द्वानी (d) हरिद्वार

उत्तर—(a)

15 फरवरी, 2016 को शहरी विकास मंत्री एम.वेंकैया नायडू द्वारा 73 शहरों के लिए 'स्वच्छ सर्वेक्षण, 2016' के परिणाम जारी किए गए। 73 शहरों के स्वच्छता सर्वेक्षण के परिदृश्य में कर्नाटक का मैसूर शहर सबसे स्वच्छ शहर की श्रेणी में जबकि झारखंड का धनबाद सबसे निचले पायदान पर है। स्वच्छ सर्वेक्षण की इस सूची में उत्तराखंड के देहरादून शहर को 61वां स्थान मिला है।

146. उत्तराखंड में राष्ट्रपति शासन लागू हुआ-

(a) 20 मार्च, 2016 को (b) 25 मार्च, 2016 को

(c) 27 मार्च, 2016 को (d) 29 मार्च, 2016 को

उत्तर—(c)

18 मार्च, 2016 को कांग्रेस के 36 विधायकों में से नौ बागी हो गए। कांग्रेस के बागी विधायक और भारतीय जनता पार्टी के 27 विधायकों ने राज्यपाल के.के. पाल से मुलाकात कर हरीश रावत सरकार को भंग करने की मांग की। 19 मार्च को मुख्यमंत्री हरीश रावत ने राज्यपाल से मुलाकात की और विधानसभा में बहुमत होने का दावा किया। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को 28 मार्च तक विधानसभा में बहुमत साबित करने को कहा। विधानसभा में शक्ति परीक्षण से ठीक एक दिन पहले 27 मार्च, 2016 को राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया।

147. आनुवांशिकी में निम्न में से कौन प्रभावी है?

(a) रंजक हीनता (b) आर.एच. फैक्टर

(c) रंगान्धी (d) अधिरक्तस्राव

उत्तर—(b)

लैंडस्टीनर एवं वीनर ने रहीसस बंदर के लाल रुधिराणुओं की कला में एक प्रतिजन की उपस्थिति का पता लगाया, जिसे रहीसस तत्व या आर.एच. फैक्टर (Rh-factor) कहते हैं। जिन व्यक्तियों में यह होता है उन्हें Rh पॉजिटिव (Rh^+) तथा जिनमें नहीं होता उन्हें Rh निगेटिव (Rh^-) कहते हैं। आर.एच. फैक्टर का लक्षण भी आनुवांशिक होता है। इसकी वंशागति मेंडेलियन नियमों के अनुसार, दो ऐलीली जींस (R,r) द्वारा होती है। इसमें जीन R (Rh^+ लक्षण), जीन r (Rh^- लक्षण) पर प्रबल (Dominant) होता है।

148. जैव प्रौद्योगिकी द्वारा कैंसर के इलाज के लिए तैयार की गई औषधि है-

(a) इंटरफेरॉन (b) इंसुलिन

(c) एच.जी.एच. (d) टी.एस.एच.

उत्तर—(a)

जैव प्रौद्योगिकी द्वारा कैंसर के इलाज के लिए उत्पन्न की गई औषधि इंटरफेरॉन (Interferon) है। मनुष्यों में तीन तरह के इंटरफेरॉन पाए जाते हैं, यथा इंटरफेरॉन- α, इंटरफेरॉन-β एवं इंटरफेरॉन- γ । सामान्यतया प्राकृतिक रूप से इंटरफेरॉन एल्फा (α) एक प्रकार की श्वेत रक्त कणिकाओं द्वारा मनुष्यों में संक्रमण या कैंसर उत्पन्न होने पर प्रतिरोधक के रूप में उत्पन्न होते हैं। इनके इसी गुण के कारण जैव प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके कैंसर के इलाज में इनको कृत्रिम रूप से प्रयुक्त किया जाता है।

149. मनुष्य के फेफड़ों में कितने भाग (खंड) पाए जाते हैं?

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 5

उत्तर—(d)

दो बड़े, शंक्वाकार से फेफड़े मानव के प्रमुख श्वसनांग होते हैं। दाहिना फेफड़ा बाएं फेफड़े से कुछ बड़ा और चौड़ा परंतु लंबाई में कुछ छोटा होता है। बायां फेफड़ा दो खंडों (Lobes) में जबकि दाहिना फेफड़ा तीन खंडों में विभेदित होता है।

150. पक्षी जो अपना ऊपरी जबड़ा हिला सकता है-

(a) कबूतर (b) तोता

(c) गिद्ध (d) गौरैया

उत्तर—(b)

मजबूत हुक के समान तोते में विशिष्ट संरचना वाली चोंच पाई जाती है। इसके ऊपरी जबड़े में स्वतंत्र रूप से गति करने की क्षमता होती है। यह अपनी चोंच का प्रयोग फलों को तोड़ने एवं पेड़ों के तने पर ऊपर की ओर चढ़ने में भी करता है।